प्रेषक,

शक्ति सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट
अम्बेडकरनगर

सेवा में,

श्री मो0हाशिम सिद्दीकी
असिस्टेंट रजिस्टार
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद

द्वारा:- जनपद न्यायाधीश
अम्बेडकरनगर

विषय:- आप द्वारा पत्रांक संख्या 13673/फोर-3330/एडमिन।ए। दिनांकित इलाहाबाद 30.8.07के माध्यम से मांगी गई सूचना के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि आप द्वारा प्रेषित पत्रांक संख्या13673 फोर-3330/एडमिन।ए। दिनांक इलाहाबाद 30.8.07के द्वारा मुझसे मारुति वैगन आर कार की खरीद के सम्बन्ध में सूचना एवं प्रपत्र मांगे गये हैं।

उपरोक्त संदर्भ में वेतन संबंधी प्रपत्र तथा रूपया 265000/- बैंक से ऋण लिये जाने से संबंधित बैंक द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र इस पत्र के साथ संलग्न किया जा रहा है।जहाँ तक इसतथ्य का प्रश्न है कि उक्त कार की खरीद के संबंध में रूपया 67475/-, रूपया 1594/-, एवं रूपया 26520/-की धनराशि व्यय किये जाने की बात है इस संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि उ0प्र0न्यायिक सेवा में मैंने दिनांक 16.6.06 को कार्यभार ग्रहण किया है।इस सेवा में नियुक्त होने से पूर्व में एक पंजीकृत अधिवक्ता के रूप में सिविल कोर्ट, लखनऊ में विधि व्यवसाय में कार्यरत था।न्यायिक सेवा में आने से पूर्व से ही पंजाब नेशनल बैंक, की विधानसभा मार्ग शाखा में बचत खाता संख्या 0113789 9जो सेवा में आने से लगभग 12वर्ष पूर्व 1994का एवं राजाजीपुरम।तालकटोरा ।शाखा में बचत खाता संख्या 24240001002519 40सेवा में आने से लगभग 7वर्ष पूर्व 1999से खुले हुये थे।न्यायिक सेवा में आने से पूर्व इन एकाउन्टों में क्रमश: 13661/- एवं 39656/-रूपये की धनराशि मौजूद थी।साथ ही आकस्मिक खर्चों को दृष्टिगत रखते हुए कुछ नगद धनराशि भी घर पर रखा था। साथ ही यह उल्लेख कियाजाना उचित होगा कि दिनांक 05.9.06कोउक्त कार खरीदने से पूर्व मुझे जून06, जुलाई06, एवं अगस्त 06 का वेतन प्राप्त हुआ था और उक्त वेतन की धनराशि अम्बेडकरनगर स्थित स्टेट बैंक आफ इण्डिया की अकबरपुर शाखा के बचत खाता संख्या-10044865815 में जमा थी।उक्त खाते से भी समय-समयपर पैसों की निकासीकी गयी और आवश्यक खर्च के उपरान्त जो पैसा बचा वह घर पर नगद रूप में रखा हुआ था और इसप्रकार वाहन क्रय करने हेतु रूपया 265000/-बैंक से ऋण लिया गयाएवं शेष धनराशि मेरे पूर्व बचत खातों में मौजूद धनराशि, घर पर मौजूद बचत की नगद धनराशि एवं

8 ..../2

अकबरपुर, अम्बेडकरनगर स्थित स्टेट बैंक आफ इण्डिया के बचत खाते से आहरित धनराशि को मिलाकर खर्च किया गया। [illegible] बचत खातों एवं अम्बेडकरनगर के बचत खाते की फोटोप्रति भी आपकी सेवा में सादर प्रेषित है।

भवदीय

Shakti Singh

(शक्ति सिंह)
न्यायिक मजिस्ट्रेट
अम्बेडकरनगर

दिनांक: 03.10.07

संलग्नक:-

1. वेतन प्रमाण-पत्र की प्रति
2. बैंक द्वारा निर्गत लोन सर्टीफिकेट की प्रति
3. समस्त खातों की छाया प्रतियां ।

कार्यालय, जनपद न्यायाधीश, अम्बेडकरनगर

पत्रांक: 647/जिला जज/अम्बेडकरनगर/दिनांक: 5-10-07

अग्रसारित

[signature] 5/10/07

जनपद न्यायाधीश
अम्बेडकरनगर